
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# डोईवाला के केशवपुरी बस्ती और झबरावाला क्षेत्र को किया लॉक

## सरकार के आग्रह पर तब्लीगी जमात से जुड़े 64 लोग आए सामने

**चुनौती**

**संवाददाता**

देहरादून। सरकार के आग्रह पर तब्लीगी जमात से जुड़े 64 लोग सामने आए। जिन्हें परिवार सहित होम क्वारंटाइन किया जाएगा। वहीं, रूड़की में 16 जमातियों को होम क्वारंटाइन किया गया, जबकि हरिद्वार में जमातियों की तलाश के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है। उधर, कोरोना पॉजिटिव केस मिलने से डोईवाला के केशवपुरी बस्ती और झबरावाला क्षेत्र को लॉक किया गया है।


15 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष शादाब शम्स के अनुसार राज्य के विभिन्न हिस्सों के तब्लीगी जमात से जुड़े ये 64 लोग पूर्व में दिल्ली से आए चार जमातियों के संपर्क में आए थे। ये चारों जमाती दिल्ली में क्वारंटाइन किए गए हैं, जिनमें से दो में कोरोना की पुष्टि हुई। ये लोग उत्तराखंड में जमात से जुड़े 64 लोगों के संपर्क में आए थे। उन्होंने बताया कि ये सभी 64 लोग क्वारंटाइन के लिए तैयार हैं। इस बारे में उन्होंने मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से संपर्क किया। साथ ही आग्रह किया कि इन सभी लोगों को परिवार सहित होम क्वारंटाइन कर दिया जाए। इसे मान लिया गया है। साथ ही देहरादून के डीएम ने इस बारे में सीएमओ को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। होम क्वारंटाइन करने के बाद इन 64 लोगों और उनके परिवारों के सैंपल लिए जाएंगे।

डोईवाला कोतवाली के अंतर्गत केशवपुरी बस्ती घनी आबादी वाले क्षेत्र के अलावा झबरावाला क्षेत्र को स्थानीय पुलिस प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से लॉकडाउन कर दिया है। इन जगहों पर आने–जाने पर पाबंदी लगा दी गई है। पुलिस व पीएसी का पहरा बिठा दिया गया है। विदित हो कि इन जगहों पर दो लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से देर रात यह कदम उठाया था। डोईवाला कोतवाल प्रदीप बिष्ट ने बताया कि इलाके में लॉग डाउन कर सेनिटाइज भी किया जा रहा है। अग्रिम आदेशों तक क्षेत्र में कोई अंदर बाहर नहीं आ सकेगा। इसके लिए इलाके में बैरिकेडिंग भी लगाई गई है। केशवपुरी बस्ती डोईवाला क्षेत्र एक घना इलाका है। नगर पालिका व स्वास्थ्य विभाग इन इलाकों में नजर बनाए हुए है।

### रुड़की में 16 जमातियों को किया गया होम क्वारंटाइन

भगवानपुर कस्बे के ढोली खाल मोहल्ले से पुलिस ने 16 जमातियों को कलियर गेस्ट हाउस में होम क्ववारंटाइन के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक यह सभी जमाती 16 मार्च को दिल्ली जमात से आए थे। इसके अलावा अन्य कई जमाती भी ढोली खाल में है, जो दिल्ली से आये थे। इन्हें भी पुलिस चिह्नित कर रही है।

### हरिद्वार में जमातियों की तलाश में घठित की गई पुलिस टीमें



प्रदेश के डीजीपी के निर्देश पर जमात से आए जो लोग अभी तक भी पुलिस के सामने नहीं आ रही। उनकी तलाश के लिए ज्वालापुर पुलिस ने अपने स्तर से तीन पुलिस टीमों का गठन किया है। टीमों ने लोगों की तलाश शुरू करा दी है। सोमवार सुबह सीओ सिटी अभय सिंह ज्वालापुर कोतवाली पहुंचे उन्होंने ज्वालापुर कोतवाली योगेश सिंह देव को जमात से लौटे जो लोग अभी तक सामने नहीं आए उनकी तलाश कराने के लिए निर्देश दिए। इसके बाद तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमे उन मोहल्लों में भेजी गई, जहां से जमात से जुड़े लोगों का आने की जानकारी मिली है। साथ ही पुलिस क्षेत्र में ऐलान कर रही है कि जमात से जुड़े लोग पुलिस के पास पहुंच जाए। यदि बाद में पकड़े जाते हैं उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा भी दर्ज होगा

## न्यूज डायरी

### राज्य सरकार ने किसानों द्वारा लिए गए ऋण के भुगतान हेतु 3 माह की समयावधि बढ़ाई

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के निर्देशों पर सहकारी बैंकों से फसलों एवं कृषि के लिए किसानों द्वारा लिए गए ऋण के भुगतान हेतु 3 माह की समयावधि बढ़ा दी गई है। प्रदेश में इस तरह के लगभग तीन लाख 50 हजार किसान हैं जिन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण लिया है।

### विधायक ने गरीब मजदूरों को खाने के पैकेट तथा गर्भवती महिलाओं को बांटा दूध

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस के बचाव के लिए किये गये लॉकडाउन के दौरान जहां विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संस्थायें जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए एकजुटता का परिचय देते हुए आगे आ रही हैं, वहीं आज धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद चमोली ने भी मिशन अन्नपूर्णा का निरीक्षण कर संस्था के साथ गरीब मजदूरों को खाने के पैकेट व बच्चों व गर्भवती महिलाओं को दूध बांटा। उन्होंने कहा कि इस वैश्विक महामारी कोरोना को लेकर सरकार बहुत सजग है। सरकार व संस्थाओं के प्रयासों से हर मजदूर व गरीब को भोजन मिले ऐसे प्रयास लगातार किये जा रहे हैं। इस अवसर पर चमोली ने कहा कि संस्था बेहतर कार्य कर रही है अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी इस दिशा में एकजुटता का परिचय देते हुए आगे आने की आवश्यकता है।

### प्रधानमंत्री राहत कोष में दिया पांच लाख का चैक

**संवाददाता** देहरादून। श्री कालिका माता मंदिर समिति के तत्वावधान में कोरोना वायरस से पीड़ित लोगों की मदद के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष में पांच लाख का चैक दान के माध्यम से दिया गया। यहां जारी एक बयान में मंदिर समिति के प्रचार मंत्री संजय आनंद ने बताया कि रोजाना की तरह आज भी मंदिर समिति के माध्यम से पांच सौ भोजन के पैकेट शासन को दिए गए व सात सौ पैकेट मंदिर समिति द्वारा स्वयं वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे इसके लिए व्यापक स्तर पर अभियान भी चलाया गया है इस सेवा को निरंतर जारी रखा गया है। उन्होंने कहा क सृष्टि के कल्याण हेतु मां कालिका यज्ञशाला में दैनिक हवन के साथ ने रोगा नेशः के मंत्रों की भी आहुति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों एवं असहायों की मदद के लिए निरंतर भोजन की व्यवस्था की जायेगी और जब तक इस महामारी से निजात नहीं मिल जाती तब तक इस सेवा को जारी रखा जायेगा।




### फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन ना हुआ तो होगी कानूनी कार्रवाई

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश में प्रशासन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मेडिकल स्टोर और सब्जी विक्रेताओं सहित आवश्यक सेवाओं की दुकानों में यदि फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन ना हुआ तो क्रेता और विक्रेता दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम सभागार में मुख्य नगर आयुक्त नरेंद्र सिंह क्वीरियाल और उप जिलाधिकारी प्रेमलाल की मौजूदगी में अधिकारियों और संबंधित विक्रेताओं की एसोसिएशन से जुड़े प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई, जिसमें अधिकारियों ने स्पष्ट कह दिया कि फिजिकल डिस्टेंसिंग का हर हालत में पालन होना चाहिए।

सभी अपनी दुकानों के बाहर गोल निशान बनाकर लोगों को वहां खड़ा करना सुनिश्चित करें। ऐसा ना होने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सड़क पर लॉकआउट में छूट के दौरान एक दुपहिया पर दो लोगों के घूमने पर भी रोक लगा दी गई है। पुलिस उपाधीक्षक विरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि दुपहिया में भी फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। जिसके बाद कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने सड़क पर ड्यूटी दे रहे हैं पुलिस कर्मियों के जरिए एक दुपहिया में सवार दूसरे व्यक्ति को उतारना शुरू कर दिया।

# गैस व राशन की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर नजर आई सामाजिक दूरियां

**संवाददाता**

■ऑनलाईन गैस की बुकिंग होने के बाद भी उपभोक्ताओं को गैस न मिलने से हो रही परेशानी

देहरादून। विश्वभर में फैले कोरोना वायरस के बचाव को लेकर किये गये उत्तराखंड लॉकडाउन के चलते हुए जहां लोगों को आवश्यक सेवाओं की पूर्ति में आ रही बाधाओं के बाद गैस सिलेंडर हासिल करने वाले उपभोक्ताओं के साथ ही सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों में जहां लोगों की भीड़ दिखाई दी, वहीं डयूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारी लोगों को सामाजिक दूरियां बनाने का आह्वान करते रहे और कई स्थानों पर लोगों ने सामाजिक दूरी पर पूरी तरह से पालन किया।

यहां रेसकोर्स स्थित एक गैस एजेंसी के बाहर लोगों की गैस लेने के लिए काफी भीड़ रही। इस अवसर पर कार्यालय से रेसकोर्स व आसपास के क्षेत्रों में गैस एजेंसियों की गाडियों में सिलेंडर लेकर होम डिलीवरी करते हुए नजर आये।

इस दौरान कई उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी की गई। ऑनलाईन बुकिंग होने के बाद भी गैस की आपूर्ति नहीं होने पर उपभोक्ताओं में रोष बना हुआ था। उपभोक्ताओं ने कहा कि ऑनलाईन गैस की बुकिंग होने के बाद भी उपभोक्ताओं को गैस न मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था और छह घंटे की राहत के बाद जब लोग रेसकोर्स स्थित एक गैस सर्विस पहुंचे तो उन्हें गैस न मिलने पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही होम डिलीवरी न होने से इसका व्यापक असर पडेगा और उपभोक्ताओं ने कहा कि उन्हें आज के दिन गैस लेने के लिए बुलाया गया था, लेकिन गैस संचालक ने गैस सिलेंडर कार्यालय के बाहर रख दिये और लागों को एजेंसी एवं होम डिलीवरी में माध्यम से भी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की गई।

वहीं दूसरी ओर टपकेश्वर मंदिर रोड स्थित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान में लोगों की काफी भीड़ रही और लोगों ने यहां पर सामाजिक दूरियां बनाकर अपनी बारी का इंतजार किया।

### जंगल में आग लगाने वाला गिरफ्तार दो महिलाओं की जलकर हुई थी मौत

**संवाददाता** बागेश्वर। बागेश्वर के जंगल में आग लगने के कारण शनिवार को दो मिहलाएं जिंदा जलकर मर गईं थीं। आग लगाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है और कोर्ट में पेश करने की तैयारी है। जिले के चचई गांव की नंदी देवी और इंद्रा देवी शनिवार को पुड़कुनी के जंगल में घास इकट्ठा करने गईं थीं। इसी दौरान अचानक आग लग गई और उसमें झुलसकर दोनों महिलाओं की मौत हो गई। तब से ही पुलिस आग लगाने वाले आरोपित को तलाश रही थी। सोमवार को उसका सुराग मिल गया। जिसके बाद कपकोट थाना के कोतवाल टीआर वर्मा घटना स्थल दलबल के साथ पहुंचे। मृतका के पति मदन राम पुत्र तिल की तहरीर पर धर्म सिंह पुत्र (64) लक्ष्मण सिंह निवासी–पुड़कुनी को आग लगाने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आरोपित को अदालत में पेश किया जाएगा। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुष्मिता राणा, कांस्टेबल भगत राम, त्रिभुवन मर्तोलिया आदि शामिल रहे।